रोहतक
सोमवार, 1 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 212
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 31.2
न्यून. 21.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, लगातार मिली दूसरी जीत 5

## खबर संक्षेप



### जनता महादलित संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने बंसीलाल

**चडीगढ़।** जनता महादलित संघ ने सामाजिक समरसता और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए बंसीलाल बोहर को हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर बंसीलाल बोहर ने संगठन की राष्ट्रीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। बंसीलाल बोहर ने विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष हुलेश मांझी, राष्ट्रीय संरक्षक श्याम रजक, संस्थापक ओमप्रकाश राणावत और राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार वाल्मीकि का धन्यवाद किया।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 12 जिलों के लिए 10 तक खुलेगा

**चडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का किसान हितैषी फैसला लिया है कि फसल नुकसान पंजीकरण हेतु ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 12 जिलों के 1402 गांवों के लिए 10 सितंबर तक खुला रहेगा। अब तक कुल 38,286 किसानों ने अपनी फसल क्षति का दावा दर्ज कराया पंजीकृत कुल क्षेत्रफल 2,42,945.15 एकड़ तक पहुंचा है। पहले ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 7 जिलों के 188 गांवों के लिए खोला गया था। इसके बाद इसका दायरा बढ़ाकर 12 जिलों के 1402 गांवों तक कर दिया गया। इनमें रोहतक के 41, हिसार के 86, चरखी दादरी के 34, पलवल के 59, सिरसा के 6, भिवानी के 43 गांव शामिल रेवाड़ी के 7, कुरुक्षेत्र के 75, यमुनानगर के सभी 600 गांव, नूंह के 166, फतेहाबाद के 21 और झज्जर के सभी 264 गांव शामिल हैं। जिला राजस्व अधिकारी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त दावों का सत्यापन विशेष गिरदावरी के रूप में करेंगे।

### मौसम विभाग ने पहले ही दे थी चेतावनी : सैलजा

**चडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ को लेकर जो भी हालात बिगड़े है उसके लिए कही न कही सरकार जिम्मेदार है क्योंकि वह दावे करती है, अधिकारियों की कोई जवाबदेही तय नहीं है, अधिकारियों ने जो कह दिया वहीं सही है। इस बार मौसम विभाग ने पहले चेतावनी दे दी थी और दे रहा है कि ज्यादा बारिश होगी। सरकार ने पहले से ही कोई प्रबंध नहीं किए और न ही मानसून आने से पहले नहरों, नालों और नदियों की सफाई कराई, आज प्रदेश की जनता उसी लापरवाही का दंश झेल रही है।

### कश्मीर में गोलियां गूंजती थी, आज सब बदला : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि कश्मीर में पहले आतंकवादियों की गोलियां गूंजती थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत वहां रात में मैच देखते हुए कश्मीरियों की तालियां गूंजती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर वहां खुशियां फैलाई है और कश्मीरियों को गले से लगाया है। विज अम्बाला में 'मन की बात' कार्यक्रम सुन रहे थे।

### चुनाव आयोग पर नहीं रहा भरोसा : अभय

**चंडीगढ़।** भिवानी में इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए उन पर बीजेपी की सरकार बनाने का आरोप लगाया। अभय चौटाला ने तीस दिन की जेल होने पर कुर्सी जाने वाले बिल को साजिश बताया। चौटाला ने कहा कि चुनाव आयोग अब बीजेपी की कठपुतली बन चुका है और उसने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा चुनाव बैलेट पेपर से करवाने की मांग पर इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने तंज कसते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव भी बैलेट पेपर से हुए थे, तब स्याही किसने बदली और बेइमानी किसने की थी।

---

**कैग रिपोर्ट में खुलासा :** 11 विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों में जांच

# परियोजनाओं की लागत बढ़ने पर सवाल कार्यों की कीमत 500 फीसदी तक बढ़ी

98 कार्यों में लागत दोगुनी से अधिक अनुमोदन प्रक्रियाएं नजरअंदाज

हरियाणा में अहम परियोजनाओं की कीमतों को पांच सौ फीसदी तक बढ़ाए जाने पर कैग की ओर से सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अहम बात यह है कि 98 इस तरह के अहम प्रोजेक्टस को लेकर सिलसिलेवार जिक्र करते हुए कहा गया है कि सभी की लागत को लगभग दो गुना तक कर दिया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग ने हरियाणा में वर्ष 2019 से 2022 के बीच निष्पादित सार्वजनिक कार्यों में भारी लागत वृद्धि को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इस बार सदन में रखी गई रिपोर्ट में, 11 विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों में जांचे 98 कार्यों की लागत मूल अनुबंध राशि से 50 प्रतिशत से लेकर 500 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ा दी गई है। *योगेंद्र शर्मा, चंडीगढ़*


एनसीसीअकादमी


मेडिकल कॉलेज


युद्ध स्मारक


स्टेडियम

### टिप्पणी: प्रशासकीय स्वीकृति लेना जरूरी नहीं समझा

हरियाणा लोक निर्माण विभाग की कोड के अनुसार, किसी परियोजना की लागत 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ने पर नवीन प्रशासकीय स्वीकृति लेना आवश्यक होता है। लेकिन कई मामलों में इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी (बीएडंआर) का कार्यालय बिना संशोधित विस्तृत अनुमान और अनुमोदन के ही भुगतान जारी करता रहा।

#### उदाहरण : अंबाला छावनी स्टेडियम उन्नयन

| | |
|---|---|
| स्वीकृति | 45.58 करोड़ रुपये उन्नयन के लिए स्वीकृत किए |
| अनुबंध राशि | 40.49 करोड़ (2017, 24 माह की अवधि) |
| भुगतान | 114.03 करोड़ (मई 2021 तक), कार्य अभी तक अधूरा |

*अभियंताओं की रिपोर्ट: 65.38 करोड़ अनावश्यक रूप से अधिक भुगतान, बिना उच्च अधिकारियों की अनुमति के।*



### ठेकेदारों को अनुचित लाभ देने के आरोप

सीएजी की रिपोर्ट में पाया कि ठेकेदारों को 73.73 करोड़ का अनुचित लाभ दिया गया, गैर-अनुसूचित मदों पर अधिक दरें देकर। इनमें से सिर्फ 6.64 करोड़ की ही वसूली अब तक हो सकी है।

### 98 कार्यों में लागत वृद्धि का वर्गीकरण

| *वृद्धि की सीमा* | *मूल अनुबंध राशि* | *बढ़ी हुई राशि* |
|---|---|---|
| 50 प्रतिशत तक (40 कार्य) | 210.89 करोड़ | 280.03 करोड़ |
| 50–100 प्रतिशत (27 कार्य) | 783.97 करोड़ | 1,307.96 करोड़ |
| 100–500 प्रतिशत (27 कार्य) | 132.99 करोड़ | 350.81 करोड़ |
| 500 प्रतिशत से अधिक (4 कार्य) | 6.68 करोड़ | 58.48 करोड़ |

*कुल जिन कार्यों को 1,134.53 करोड़ में स्वीकृत किया था, वे 1,997.28 करोड़ में पूरे हुए।*



### निष्कर्ष

- 98 परियोजनाओं में गंभीर लागत वृद्धि, नियमों की अनदेखी।
- पीडब्ल्यूडी कोड के उल्लंघन और अधिकारियों की लापरवाही उजागर।
- सरकार द्वारा अभी तक बहुत ही कम राशि की वसूली की गई है।

### घरौंडा एनसीसी अकादमी

| | |
|---|---|
| अनुबंध राशि | 17.91 करोड़ |
| भुगतान: | 42.17 करोड़ |

*कार्य रुका हुआ : साइट का समुचित मूल्यांकन नहीं हुआ, जिससे लागत बढ़ी।*

### कल्पना चावला मेडिकल यूनिवर्सिटी की सीमा दीवार

| | |
|---|---|
| अनुबंध राशि | 21.66 करोड़ |
| अंतिम लागत | 36.96 करोड़ |

*ये तीनों कार्य एक ही ठेकेदार को दिए गए थे।*

### अंबाला युद्ध स्मारक

| | |
|---|---|
| प्रारंभिक अनुबंध: | 189.41 करोड़ (जून 2018) |
| संशोधित राशि: | 362.56 करोड़ (91.42% वृद्धि) |

### जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्य

*कुछ निविदाएं 1 लाख से कम रखीं ताकि ई-टेंडरिंग से बचा जा सके बाद में लागत बढ़ा दी गई*

| | | |
|---|---|---|
| 5 कार्य: | 77.89 करोड़ | 178.13 करोड़, अनुमोदन के बिना भुगतान |
| 14 कार्य: | 108.91 करोड़ | 255.70 करोड़, अनुमोदन के बिना भुगतान |

---

# एकत्रित कचरे का दैनिक या मासिक रिकॉर्ड नहीं गोलमाल की तरफ इशारा

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

- कैग ने हरियाणा में ठोस कचरा प्रबंधन में खामियों को किया उजागर

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने गत दिवस हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट में राज्य के कचरा प्रबंधन को लेकर गंभीर चिंताएं जताई हैं। रिपोर्ट में आंकड़ों की प्रामाणिकता, परियोजनाओं में विलंब और ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों के क्रियान्वयन में असफलता जैसी बड़ी खामियों को रेखांकित किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में स्रोत पर कचरे के पृथक्करण को 70 प्रतिशत और संग्रहण को 98 प्रतिशत बताया गया, लेकिन इन आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन नहीं हो सका। जांचे नगरीय स्थानीय निकायों ने एकत्रित कचरे का दैनिक या मासिक रिकॉर्ड नहीं रखा और न ही ऑडिटरों को रिपोर्ट किए आंकड़ों को प्रमाणित करने की कोई प्रक्रिया साझा की।

### 63 प्रतिशत कचरा बिना उपचार डंप हुआ

वर्ष 2017 से 2022 के बीच हरियाणा में कुल 103.58 लाख टन ठोस नगरपालिका कचरा उत्पन्न हुआ, जिसमें से 64.86 लाख टन अर्थात 63 प्रतिशत बिना किसी उपचार के डंप साइटों पर फेंका गया। अप्रैल 2023 तक राज्यभर के 77 अवैध डंप साइटों पर 48.77 लाख मीट्रिक टन पुराना कचरा अप्रसंस्कृत पड़ा रहा।

इनमें से 29 स्थलों पर बायोरिमेडिएशन का कार्य तक आवंटित नहीं किया गया। ऑडिट ने यह भी इंगित किया कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 की अधिसूचना के सात वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मार्च 2023 तक केवल सोनीपत-पानीपत क्लस्टर में एकीकृत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना ही क्रियाशील हो पाई।

### प्राजेक्ट अधूरा रहा

सबसे गंभीर मामलों में से एक फरीदाबाद-गुरुग्राम क्लस्टर के वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट का रहा, जो अक्टूबर 2024 तक भी अधूरा रहा। कंसेशनेयर बंधवाड़ी लैंडफिल पर जमा कचरे का प्रबंधन करने में विफल रहा, जिससे वित्तीय और पर्यावरणीय दोनों स्तरों पर भारी लागत उठानी पड़ी। नगर निगम गुरुग्राम ने नवंबर 2021 से मार्च 2022 के बीच हुई देरी के लिए कंसेशनेयर पर 4.92 करोड़ रुपये का तरल हर्जाना भी नहीं लगाया। इसके अतिरिक्त नगर निगम गुरुग्राम और नगर निगम फरीदाबाद को अधिक टिपिंग और परिवहन शुल्क के कारण 108.93 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ा। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण एनजीटी ने भी बंदवाड़ी में पुराने कचरे के निस्तारण में विफल रहने पर नगर निगम गुरुग्राम पर 100 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

### उठ रहे सवाल

ऑडिट में पाया गया कि गुरुग्राम, सोनीपत और शाहाबाद के तीन नगरीय निकायों ने दंडात्मक प्रावधानों सहित ठोस कचरा प्रबंधन उपविधियों को अधिसूचित नहीं किया, जबकि शेष 15 परीक्षण किए गए निकायों ने इन्हें विलंब से लागू किया।

वित्तीय दृष्टि से भी ठोस कचरा प्रबंधन संचालन को कमजोर पाया गया। वर्ष 2017 से 2022 के बीच 14 शहरी निकायों में उपयोगकर्ता शुल्क की वसूली आवर्ती व्यय का केवल 0.37 प्रतिशत से 3.38 प्रतिशत तक ही रही और किसी ने भी शुल्क संशोधित कर स्व-वित्तपोषित मॉडल की ओर बढ़ने का प्रयास नहीं किया।

---

# राज्यपाल प्रो. घोष ने गुरुद्वारा नाडा साहिब में मत्था टेका, मदर टेरेसा अस्पताल का निरीक्षण किया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने रविवार को अपनी पत्नी मित्रा घोष के साथ पंचकूला स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारा नाडा साहिब में मत्था टेका और उसके बाद मदर टेरेसा साकेत ऑर्थोपेडिक अस्पताल का निरीक्षण किया। राज्यपाल प्रोफ़ेसर घोष ने गुरुद्वारा नाडा साहिब के दर्शन करने उपरांत कहा कि इस ऐतिहासिक और पवित्र गुरुद्वारा नाडा साहिब के दर्शन करके उन्हें अत्यंत सम्मान और सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने गरीबों के उत्थान के लिए गुरुद्वारा प्रबंधन के प्रयासों की भी सराहना की और जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। इस दौरान राज्यपाल ने समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा सिख समुदाय के साहस और सर्वोच्च बलिदान की सराहना की। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने इस अवसर पर राज्यपाल और उनकी पत्नी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया।



### चिकित्सा सेवाओं की सराहना की

राज्यपाल ने मदर टेरेसा साकेत ऑर्थोपेडिक अस्पताल का दौरा कर वहां की चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने हड्डी रोग उपचार, पुनर्वास और आघात प्रबंधन में अपनाई जा रही उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं की सराहना की। राज्यपाल ने अस्पताल प्रशासन से चिकित्सा उपकरणों, बुनियादी ढांचे और विशेषज्ञ सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और आउटरीच कार्यक्रमों को मज़बूत करने पर बल दिया।

---

# राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ समापन, सभी बोले, खेलों में सुपर पावर है हरियाणा, सबसे ज्यादा पदक हमारे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। 29 से 31 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। राज्यस्तरीय समापन समारोह कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की। इस अवसर पर अलग-अलग जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों ने पहुंचकर खिलाड़ियों और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित किया।

### खेल को जीवन का अंग बनाएं



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की तरह अनुशासन, मेहनत और समर्पण के मार्ग पर चलें। उन्होंने वर्ष 2036 के ओलम्पिक में सबसे अधिक मेडल जीतने के लिए प्रेरित भी किया। सैनी ने कहा कि मेजर ध्यान चन्द हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में इसीलिए मनाया जाता है, ताकि खिलाड़ी उनके जैसी लगन और मेहनत करके वैसी ही उपलब्धियां पाएं।

### खेल नीति सबसे अच्छी




पंचायती राज एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सोनीपत में कहा कि राज्य सरकार की खेल नीतियों एवं उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि खेलों में सुपर पावर है हरियाणा, ओलंपिक हो या एशियाड सबसे ज्यादा पदक हमारे खिलाड़ियों के आते हैं।

### समाज स्वस्थ्य बनेगा



उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम में साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने "फिट इंडिया, पैन इंडिया" का नारा दोहराते हुए कहा कि खेलों को अपनाने से न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा, बल्कि समाज भी स्वस्थ बनेगा।

### खेलों से लगाव होगा तो वे नशे से दूर रहेंगे युवा



कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर में कहा कि यदि बच्चों को खेलों से लगाव होगा तो वे नशे जैसी बुराई से दूर रह सकते हैं। अगर हम नशे जैसी बुराई से दूर रहेंगे और अपना ध्यान खेलों पर केंद्रित करेंगे, तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। इसलिए हमें नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा करनी चाहिए।

---

**मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से दे रहे हैं संकल्प पत्र का हिसाब**

# हरियाणा की राजनीति के चाणक्य साबित हुए सैनी महिलाओं को सम्मान भत्ता देकर विपक्ष से छीना मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए महिलाओं को 2100 रुपये सम्मान भत्ता देकर विपक्षी राजनीतिक दलों से बड़ा मुद्दा छीन लिया है। दूसरी बार हरियाणा में मुख्यमंत्री पद की कमान संभाल रहे नायब सैनी को इस फैसले ने राजनीति का चाणक्य साबित कर दिया है।

हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा महिलाओं को दीन दयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये मासिक दिए जाने के फैसले के बाद अधिकारियों ने धरातल पर उतारने के लिए काम शुरू कर दिया है। 25 सितंबर को आवेदन शुरू होंगे। माना जा रहा है कि इस बार प्रदेश की करीब 22 लाख महिलाओं के लिए एक नवंबर को हरियाणा दिवस खास होगा। इस दिन से यह भत्ता महिलाओं के खाते में जाना शुरू हो जाएगा। हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ है जब बतौर मुख्यमंत्री नायब सैनी हर माह सार्वजनिक मंच से विधानसभा से पहले घोषित किए गए संकल्प पत्र की रिपोर्ट प्रदेश की जनता को देर रहे हैं। हरियाणा में राजनीतिक रूप से हाशिए पर चल रहा विपक्ष दबी-दबी जुबान में महिलाओं के सम्मान भत्ते पर सरकार से सवाल कर रहा था। विपक्ष को मुद्दा विहीन करते हुए नायब सैनी ने अपने कार्यकाल का एक साल पूरा होने से पहले ही संकल्प पत्र की सबसे बड़ी घोषणा को लागू कर दिया है।

### एक फैसले ने देवीलाल व बंसीलाल की कतार में खड़ा किया



हरियाणा में जब-जब वृद्धावस्था सम्मान भत्ते की बात आती है तब तक पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय देवीलाल का नाम लिया जाता है। इसी प्रकार प्रदेश में बुनियादी ढांचा विकास की बात आती है तो भूतपूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल का नाम लिया जाता है। अब हरियाणा में जब-जब महिलाओं के सम्मान की बात आएगी तब-तब मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी का नाम लिया जाएगा। क्योंकि आज से पहले राजनीतिक दलों ने इस बारे में घोषणाएं की हैं। नायब सैनी पहले ही साफ कर चुके हैं कि भविष्य में लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार किया जाएगा। जिससे साफ है कि अगले पांच वर्षों के भीतर इस सरकार के कार्यकाल के दौरान लाभार्थी महिलाओं की संख्या में वृद्धि होगी।

### पांच हजार करोड़ रुपये का प्रावधान

जिस तहर से मुख्यमंत्री सैनी ने भविष्य की योजनाओं को बनाने के लिए 'फ्यूचर विभाग' का गठन किया उस तरह से इस योजना के लिए भी एडवांस में प्लांगि की। यह मुख्यमंत्री नायब सैनी की दूरदर्शिता थी कि उन्होंने वित्त मंत्री के नाते पहले बजट में पांच हजार करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया और उसके बाद योजना को लागू किया।

### *महिलाओं के सम्मान में चल रही योजनाएं*

- वृद्धावस्था सम्मान भत्ता
- विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता
- दिव्यांग पेंशन योजना
- लाडली सामाजिक सुरक्षा
- कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता
- बौने के लिए भत्ता योजना
- एसिड अटैक पीड़ित महिला
- लड़कियों को वित्तीय सहायता
- विधवा और अविवाहित महिलाओं को वित्तीय सहायता
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

---

# फरीदाबाद में भाजपा विधायक मूलचंद जलने से बचे, राहुल गांधी का पुतला फूंक रहे थे

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते समय भाजपा विधायक मूलचंद शर्मा जलने से बाल-बाल बच गए। उनके साथ बल्लभगढ़ के भाजपा अध्यक्ष सोहनपाल छोकर को भी आग की लपटें गईं। हालांकि, समय रहते इन्होंने पुतले को दूर फेंक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें राहुल गांधी और कांग्रेस का पुतला दहन हो रहा है। वीडियो के शुरुआत में ही दिख रहा है कि कांग्रेस के पुतले को एक ओर विधायक मूलचंद शर्मा और दूसरी बल्लभगढ़ भाजपा के अध्यक्ष सोहनपाल पकड़कर खड़े हैं। पुतला घास का बना हुआ है और उसे शर्ट पहनाई गई है। इसके बाद पुतले पर तेल भी छिड़क दिया गया है। एक कार्यकर्ता जैसे ही पुतले को माचिस की तीली दिखाता है, वैसे ही पुतला आग पकड़ लेता है। पुतला जलता है तो विधायक और जिलाध्यक्ष तक आग की लपटें पहुंच जाती हैं।

### पीएम की मां को लेकर टिप्पणी पर नाराजगी

रविवार को बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बिहार में राहुल गांधी की सभा में एक कार्यकर्ता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के प्रति अभद्र टिप्पणी करने को लेकर रोष जताया और नारेबाजी की।

### विधायक ने कांग्रेस नेताओं की निंदा की

पुतला दहन के बाद विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के लिए अभद्र भाषा का उपयोग किया, जो निंदनीय है। राहुल गांधी की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं, के लिए जिस तरह की अपमानजनक टिप्पणी की है, वह बेहद गलत और दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत एक ऐसा देश है, जहां मातृ शक्ति और महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

रोहतक

सोमवार, 1 सितंबर 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 212

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 31.2
न्यून. 21.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## बाढ़ के हालात देखते हुए सीएम ने रद्द किया विदेश का दौरा

# प्रदेश में अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी अफसरों की छुट्टियां रद्द, बच्चे समेत तीन की मौत

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** उत्तर भारत में हो रही लगातार बारिश के कारण प्रदेश में मारकंडा, सोम, यमुना और घग्गर नदी उफान पर हैं। इसके कारण निचले इलाकों और नदियों के साथ लगते खेतों में पानी भरा हुआ है। लोग दहशत में जी रहे हैं। सिरसा-फतेहाबाद में घग्गर नदी, फरीदाबाद-यमुनानगर में यमुना और कुरुक्षेत्र-अंबाला में मारकंडा और सोम नदी खतरे निशान पर बह रही हैं। प्रदेश में रविवार को वर्षाजनित हादसों में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस बीच मौसम विभाग ने रविवार को अगले 48 घंटे भारी बारिश का हाईअलर्ट जारी किया पूरे प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से 2 सितंबर तक भारी बारिश होने के आसार हैं। इसे देखते हुए सरकार ने हाईअलर्ट जारी किया है। पब्लिक हेल्थ विभाग समेत कई विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। कर्मियों व अधिकारियों के स्टेशन छोड़कर जाने पर रोक लगा दी है। इन हालातों को देखते हुए सीएम नायब सिंह सैनी और प्रतिनिधिमंडल ने दुबई का दौरा रद्द कर दिया। कईं कार्यक्रमों में भी बदलाव किए हैं। सीएम को 2 से 5 सितंबर तक का यूएई का दौरा करना था।

**हिसार, फतेहाबाद, जींद और सोनीपत में तेज बारिश से सड़कें-गलियां तालाब बनी**

**अंबाला में नेशनल हाईवे धंसा, वाहन चालकों को भारी परेशानी**



### कुरुक्षेत्र के कई गांवों में भरा पानी, अलर्ट जारी

कुरुक्षेत्र और शाहबाद में मारकंडा व सरस्वती नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। सबसे अधिक परेशानी कठवा गांव में है। गांव की मुख्य सड़क का करीब 100 मीटर हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। खेतों में पानी भरा हुआ है। घुटने तक पानी जमा है। बाइक, कार, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की आवाजाही ठप हो चुकी है। गांव में आने-जाने के लिए केवल ट्रैक्टर और ट्रॉली का सहारा है।

## बारिश से ऐसा हाल

### फतेहाबाद में युवक की मौत

फतेहाबाद में रविवार सुबह गांव धारसूल के पास गड्ढे में कार गिर गई। इससे एक युवक व कुत्ते की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, फतेहाबाद शहर के डीएसपी रोड निवासी अमन, उसके पिता नरेश कुमार, नीतू रानी, दामिनी, नव्या और डॉग बर्फी डिजायर कार से जाखल की ओर से भूना होते हुए फतेहाबाद आ रहे थे। इसी दौरान गांव धारसूल के पास कार गड्ढे में गिर गई और यह हादसा हो गया।

### नारनौल में व्यक्ति की मौत

नारनौल में हमीदपुर गांव में पशुओं को चराने गए 34 वर्षीय बिरेंद्र सिंह की बांध में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक बीते कल सुबह पशुओं को लेकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

### दादरी में बच्चे का शव मिला

चरखी दादरी में नहर से 8-9 महीने के एक मासूम का शव बरामद हुआ। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल बच्चे की पहचान नहीं हो पाई है।

### घग्गर के तटबंध किए मजबूत

फतेहाबाद में अगले दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इससे किसानों और प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। घग्गर नदी के ओवरफ्लो होने का खतरा बना हुआ है। एहतियातन प्रशासन ने चांदपुरा साइफन के पास पोकलेन मशीन और जेसीबी तैनात कर दी है।

### फरीदाबाद में खेत डूबे

दिल्ली के ओखला बैराज से यमुना में 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने का असर फरीदाबाद में दिखा। यमुना का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन निचले इलाकों के खेत जलमग्न हो गए हैं। गांव रजपुरा में किसानों की बाजरे की फसल पूरी तरह पानी में डूब गई।

### नूंह में मकान गिरा

नूंह के पुन्हाना खंड के गांव गोधौली में चार भाइयों के मकान बरसात के कारण भरभरा कर गिर गए। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। जिस समय यह मकान गिरा उस समय पूरा परिवार मजदूरी करने के लिए ईंट भट्ठे पर गया हुआ था।

### कलेसर में 14 फीट का अजगर

यमुनानगर के खिजरी गांव के पास कलेसर नेशनल पार्क की कन्नी लाइन पर करीब 13 से 14 फीट लंबा और 45 से 50 किलो वजनी अजगर देखा गया। गश्त के दौरान वन्यजीव रक्षक ने इसे कैमरे में कैद किया। अजगर खिजरी गांव की आबादी से लगभग 350 से 400 मीटर दूर था।

### हिसार भी बेहाल

हिसार, फतेहाबाद, जींद और सोनीपत में तेज बारिश से सड़कें-गलियां तालाब बन गई हैं। हिसार में 33 केवी आर्य नगर पावर हाउस तक में पानी घुस गया, जिसके बाद बिजली काटनी पड़ी। इससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

## खबर संक्षेप

### भारत दो पनडुब्बी सौदों पर जल्द करेगा हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** चीन की बढ़ती नौसैना ताकत के मद्देनजर भारत अपनी समुद्री युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अगले साल के मध्य तक एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के दो बड़े पनडुब्बी सौदों को अंतिम रूप दे सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पहला सौदा तीन स्कॉर्पीन क्लास पनडुब्बियों के लिए है। भाषा

### 'एजुकेट गर्ल्स' को रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार

**मनीला।** दूरदराज के गांवों में स्कूल न जाने वाली लड़कियों की शिक्षा के लिए काम करने वाली भारतीय गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' को 2025 के रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार विजेताओं में शामिल किया गया है। रविवार को इसकी घोषणा की गई। रेमन मैग्सायसाय पुरस्कार फाउंडेशन (आरएमएएफ) की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है। भाषा

### टेलीविजन शो पवित्र रिश्ता की अभिनेत्री प्रिया नहीं रही

**मुंबई।** 'पवित्र रिश्ता' और 'कसम से' जैसे हिंदी और मराठी टेलीविजन धारावाहिकों से लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री प्रिया मराठे का निधन हो गया।



प्रिया लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं।प्रिया करीब दो साल से अधिक समय से कैंसर से जूझ रही थीं और 38 वर्ष की आयु में मुंबई के मीरा रोड स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। भाषा

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 51.50 रु. सस्ता

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घटा दिए हैं। 19 किलो वाला सिलेंडर 51.50 रुपये सस्ता हो गया है। अब यह दिल्ली में 1580 रुपये में मिलेगा। नई दरें 1 सितंबर से प्रभावी होंगी। हांलाकि तेल कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले माह भी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर कुछ सस्ता हुआ था। भाषा

### मोइत्रा के खिलाफ छग में एफआईआर

**रायपुर।** रायपुर में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा पर एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित टिप्पणी की। यह मामला रायपुर के माना कैंप पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ। गोपाल सामंतो ने की। कहा गया है कि टिप्पणी से लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान हुआ है और ऐसा बयान समाज में नफरत फैलाने वाला है। एजेंसी



**उत्तराखंड में भूस्खलन**

## पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारी बचाए

**देहरादून/नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट की टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था। इसके कारण ये कर्मचारी यहां फंस गए थे। सुभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उधर, पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया है। जवाहरके गांव में ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई।

धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट की टनल पर हुआ बारिश से हादसा

**आईएमडी की चेतावनी- सितंबर में भी बरकरार रहेगा खतरा**

मानसा के जवाहरके गांव में ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिरी एक की मौत

### सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि सितंबर में औसत वर्षा 167.9 मिमी के औसत से 109 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। यानी सामान्य से अधिक वर्षा होगी। आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारी वर्षा से उत्तराखंड में भूस्खलन, बाढ़ व दिल्ली हरियाणा, और राजस्थान में जनजीवन बाधित हो सकता है।

## पीएम मोदी के साथ मुलाकात के बाद चीनी राष्ट्रपति शी का ट्रंप को संदेश

# 'ड्रैगन' और 'हाथी' साथ आएं, अब दोनों को अच्छा पड़ोसी बनना होगा

*31वां एससीओ सम्मेलन : भारत-चीन व रूस की अमेरिका को दोस्ती पड़ेगी भारी, अब तीनों महाशक्तियों के साथ आने की तैयारी*

**नई दिल्ली/तियानजिन (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तियानजिन में हैं। वे सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेंगे। रविवार को एससीओ देश के नेताओं का ग्रुप फोटो सेशन हुआ। इसमें पीएम मोदी, शी चिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन और शहबाज शरीफ एक मंच पर नजर आए। वहीं, समिट के इतर पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई। ये मुलाकात लगभग 1 घंटे तक चली। इस दौरान शी चिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत और चीन को मित्र और अच्छे पड़ोसी बनना होगा। शी ने कहा, दुनिया परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। चीन और भारत दोनों प्राचीन सभ्यताओं के देश हैं, दुनिया की दो सबसे बड़ी जनसंख्या वाले राष्ट्र हैं और ग्लोबल साउथ का अहम हिस्सा हैं। ऐसे में 'हाथी (भारत) एवं ड्रैगन (चीन)' को साथ आना होगा। दोनों देशों का 'मित्र' बनना 'सही विकल्प' है और उन्हें सीमा विवाद को अपने संबंधों को परिभाषित नहीं करने देना चाहिए। शी ने मोदी से कहा, भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी हैं और दोनों देश एक-दूसरे के लिए खतरा नहीं, बल्कि विकास के अवसर हैं। वे ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में सहायक हों और 'ड्रैगन' एवं हाथी एक साथ नृत्य करें और विकास के पथ पर आगे बढ़े।

(पैकेज पेज 6 पर)

*करीब 1 घंटे चली मुलाकात के बाद पीएम मोदी बोले, दोनों देशों के संबंधों से 2.8 अरब लोगों का कल्याण जुड़ा। हमारे बीच दोस्ती ही सही विकल्प, पीएम ने शी को भारत में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन का न्योता दिया।*

- **मोदी का ट्रंप को संदेश भारत-चीन को तीसरे देश के चश्मे से न देखें**
- **दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान, ट्रेड समेत कई मुद्दों पर सहमति**
- **मोदी ने शी के समक्ष उठाया सीमापार से आतंक का मुद्दा, सहयोग पर सहमति**



### स्थिर विकास सुनिश्चित करें

शी ने 75वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों को द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना एवं संभालना होगा, ताकि उनका निरंतर, मजबूत और स्थिर विकास सुनिश्चित हो सके। दोनों को एक-दूसरे की सफलता में सहायक भागीदार बनना चाहिए।

### आपसी भरोसा बढ़ाएंगे

**मोदी ने** कहा कि भारत-चीन के बीच सीमा प्रबंधन पर सहमति बनी है, कैलाश मानसरोवर यात्रा और सीधी उड़ानों पर प्रगति हुई है। इससे 2.8 अरब लोग जुड़े हैं और इसका लाभ पूरी मानवता को मिलेगा। उन्होंने आपसी सम्मान और भरोसे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया और चीन को एससीओ की अध्यक्षता के लिए बधाई दी।

### सीमावर्ती इलाकों में शांति और सौहार्द बनाएं : मोदी

मोदी और शी चिनफिंग ने भारत-चीन सीमा मुद्दे के "निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य" समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। उन्होंने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को स्वीकार करते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को विस्तार देने का संकल्प भी लिया। बैठक में पीएम मोदी ने भारत-चीन संबंधों के लगातार विकास के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और सौहार्द के महत्व को रेखांकित किया। नई दिल्ली "आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता" के आधार पर बीजिंग के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने तथा व्यापार घाटे में कमी लाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने आतंक और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार जैसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों पर साझा आधार का विस्तार करने की सहमति व्यक्त की।

*पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का मामला*

## हाईकोर्ट का आदेश अपलोड करने में देरी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**स्टेनोबुक जब्त करने के आदेश, पता चलेगा, आदेश कब टाइप हुआ**

**31 जुलाई के फैसले को 20 अगस्त तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाईकोर्ट का आदेश अपलोड होने पर में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा ऐक्शन लिया है। शीर्ष अदालत ने जज के सचिव की स्टेनो बुक जब्त करने का निर्देश दे दिया, ताकि यह पता चल सके कि आदेश कब टाइप किया गया था और उसमें कब सुधार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को अपलोड करने में हुई देरी पर संज्ञान लेते हुए दिया। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने इस बात पर गौर किया कि यह फैसला 31 जुलाई 2025 का था। 20 अगस्त तक इसे हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया।

### विवेकपूर्ण जांच की जाए

बेंच ने कहा कि मामले की विवेकपूर्ण जांच की जाए और आदेश को टाइप एवं अपलोड किए जाने के बारे में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) से रिपोर्ट हासिल की जाए। बेंच ने कहा कि 20 अगस्त को मामले पर विचार करते हुए उसने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी थी। 29 अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि रजिस्ट्रार जनरल ने 22 अगस्त को न्यायाधीश के सचिव से स्पष्टीकरण मांगा था। उसने कहा कि सचिव ने 22 अगस्त को स्पष्टीकरण दिया। कोर्ट ने कहा कि सचिव ने आदेश अपलोड करते समय कोई जानकारी नहीं दी।

### एनआईसी से पीसी की रिपोर्ट लें

बेंच ने कहा कि सचिव की स्टेनो बुक जब्त की जाए और पता लगाया जाए कि किस तारीख को आदेश टाइप किया गया और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) पर इसमें सुधार किया। एनआईसी से पीसी की रिपोर्ट ली जाए और उसे हलफनामे के साथ दाखिल किया जाए। शीर्ष कोर्ट ने हरियाणा राज्य सहित सभी पक्षों को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की।

**बाइकबोट घोटाला**

## ईडी ने की 394 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में सामने आए 'बाइकबोट' पोंजी घोटाले के सिलसिले में धन शोधन रोधी कानून के तहत 394 करोड़ रुपये से अधिक की और संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ईडी के अनुसार ये संपत्तियां कामाख्या एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, कामाख्या एजुकेशनल सोसाइटी, गुरु नानक चैरिटेबल ट्रस्ट, अल्पाइन टेक्निकल एजुकेशन सोसाइटी, एपी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट और मीना आनंद नामक एक व्यक्ति के नाम पर हैं। कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 394.42 करोड़ रुपये है।

कुर्की में 20 .49 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियां

**नियमों में अस्पष्टता का हवाला**

## अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाएं बंद की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय डाक विभाग ने अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी नए नियमों में स्पष्टता के अभाव में अमेरिका जाने वाले सभी प्रकार की डाक बुकिंग सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी हैं। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अमेरिकी सरकार द्वारा जारी किए गए नए सीमा शुल्क नियमों के कारण देश के डाक विभाग ने 100 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के उपहारों के लिए डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था।

अमेरिका जाने वाली डाक को ले जाने वाले वाहक भी उपलब्ध नहीं

**सीआईएसएफ कर्मियों को सौगात**

## अब सस्ते ब्याज पर मिलेगा लोन, मेडिकल सहायता भी

**नई दिल्ली (भाषा)।** औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) अपने जवानों व कर्मचारियों की भलाई के लिए 1 सितंबर से एक विशेष वेलफेयर पोर्टल शुरू करने जा रहा है। इसके जरिए बल के सदस्य सीधे ऑनलाइन ऋण, छात्रवृत्ति, मेडिकल जैसी सुविधाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। अब जवानों को व्यक्तिगत जरूरतों के लिए मिलने वाला लोन 5 लाख रुपये तक कर दिया गया है। पहले यह सुविधा कम राशि तक सीमित थी। खास बात यह है कि ब्याज दर को 6% से घटाकर केवल 3% कर दिया गया है।

व्यक्तिगत जरूरतों के 5 लाख तक ले सकेंगे लोन

**बडगाम में शुरू हुई पूजा अर्चना**

## तीन दशक के बाद खुले शारदा भवानी के कपाट

**श्रीनगर (भाषा)।** कश्मीरी पंडित समुदाय ने करीब तीन दशक बाद रविवार को बडगाम में स्थित शारदा भवानी मंदिर के कपाट पूजा-अर्चना के लिए खोले। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी हिस्सा लिया। मध्य कश्मीर जिले के इचकूट गांव में 'मुहूर्त' और 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अवसर कश्मीरी पंडित परिवारों के एक समूह के अपने पैतृक स्थान पर लौटने का भी प्रतीक था जिन्हें 1990 के दशक के शुरू में कश्मीर में आतंकवाद भड़कने के बाद पलायन करना पड़ा था।

इचकूट गांव में 'मुहूर्त' और 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम हुआ

**सख्ती** सुप्रीम कोर्ट ने जताई कड़ी नाराजगी, कहा, इसलिए नहीं दी थी सस्ती जमीन

# निजी अस्पतालों में नहीं हो रहा गरीबों का मुफ्त इलाज, केंद्र और राज्यों को नोटिस

*याचिकाकर्ता ने कहा, फ्री इलाज की शर्तें लागू करने में राज्य सरकारें विफल*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, जिसमें सरकारी जमीन पर बने या सरकारी रियायतों के आधार पर बने निजी अस्पतालों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के लोगों को फ्री इलाज का मामला उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुआई वाली बेंच ने इस मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार, केंद्र शासित प्रदेशों और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। यह याचिका मैग्सेसे पुरस्कार विजेता और इंटरनेशनल स्तर पर प्रसिद्ध एक्टिविस्ट संदीप पांडेय ने दाखिल की है। याचिका में यह मुद्दा उठाया गया है कि ऐसे निजी है अस्पतालों को सार्वजनिक जमीन रियायती दरों पर इस शर्त पर दी गई थी कि वे ईडब्ल्यूएस/बीपीएल श्रेणी के रोगियों को फ्री इलाज की सुविधा देंगे, लेकिन उन्होंने शर्तों का पालन नहीं किया।

## निगरानी न करने पर फटकार

### अस्पताल नहीं मान रहे नियम

याचिका में कहा है कि राज्यों में लगातार ऑडिट रिपोर्ट, अदालत-निगरानी वाली जांचें और सरकारी अधिसूचनाएं यह दर्शाती रही हैं कि अस्पताल निर्धारित फ्री इलाज प्रतिशत (आमतौर पर 10% इन पेशेंट बेड और 25% आउट पेशेंट परामर्श) का पालन करने में लगातार असफल रहे हैं। यह सवाल उठाया है कि दिल्ली में कई अस्पतालों को शर्त थी कि वे अपने एक-तिहाई बिस्तर फ्री इलाज के लिए आरक्षित रखें। पालन न होने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सोशल जुरिस्ट बनाम जीएनसीटीडी (2007) में अधिकारियों को वर्षों तक निगरानी न करने पर फटकार लगाई, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा।

### कैग रिपोर्ट में भी हुआ था खुलासा

महाराष्ट्र में 2016 की कैग रिपोर्ट ने व्यापक उल्लंघनों का खुलासा किया। प्रमुख अस्पतालों ने अतिरिक्त एफएसआई (फ्लोर स्पेस इंडेक्स) मिलने के बावजूद, केवल आधी तय फ्री सेवाएं दीं। हरियाणा में 2018 की एक समिति रिपोर्ट ने दिखाया कि एक दशक तक कोई निगरानी बैठक नहीं हुई। एक अस्पताल ने 2017 में 64,000 भर्ती रोगियों में से केवल 118 ईडब्ल्यूएस रोगियों का फ्री इलाज किया। ओडिशा में 2013-14 की सीएजी रिपोर्ट ने बताया कि जिन अस्पतालों को 45.68 करोड़ मूल्य की भूमि रियायती दरों पर दी गई थी, उन्होंने फ्री इलाज की शर्तों का पालन नहीं किया।

### उल्लंघन पर हो कार्रवाई

याचिका में कहा है कि कई राज्यों में गरीबों को निजी अस्पतालों में इलाज की शर्तों को सख्ती से लागू करने में बड़ी विफलता है। समाज के कमजोर तबकों से वादा की गई स्वास्थ्य सुविधाओं से उन्हें वंचित रखा है। याचिका में मांग की गई है कि सभी राज्यों में एक समान नीति या लीज शर्तों को लागू करना, जिसके तहत सार्वजनिक भूमि पर बने अस्पतालों फ्री इलाज अनिवार्य हो। राज्यों में निगरानी प्राधिकरण बने। नियमित सार्वजनिक रिपोर्टिंग हो और उल्लंघन की स्थिति में एक्शन हो।

## खबर संक्षेप

### सिद्धारमैया पर टिप्पणी पुजारी गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ एक पुजारी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।



अब पुलिस ने पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुजारी ने मैसूर दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुस्ताक को आमंत्रित करने की आलोचना करते हुए कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।

### बिहार चुनाव में बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी

लखनऊ। बिहार में मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती ने बिहार चुनाव



की जिम्मेदारी अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंपी है।कुछ दिन पहले ही मायावती ने आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया था। उन्हें अब बिहार की जिम्मेदारी दी है। वे बिहार स्टेट यूनिट इसकी जिम्मेदारी संभालेंगे।

### पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे को मिला एनई-9 का दर्जा

पटना। बिहार की महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं में से एक पटना–पूर्णिया एक्सप्रेसवे को केंद्र



ने औपचारिक रूप से राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का दर्जा प्रदान कर दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल एक्सप्रेसवे-9 (एनई-9) घोषित किया है। यह पहला ऐसा एक्सप्रेसवे होगा जो राज्य की सीमाओं के भीतर निर्मित होगा।

### मांगें नहीं मानी तो पानी का भी कर देंगे त्याग

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जहां एक तरफ मनोज जरांगे लगातार तीसरे दिन



अनशन पर बैठे है। वहीं राज्य सरकार में भी ऊहापोह तेज हो गई है। राज्य सरकार कोई स्पष्ट और साफ हल नहीं निकाल पाई है। जरांगे ने कहा कि मांगें नहीं मानी तो हम पानी का भी त्याग कर देंगे।

### राहुल के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

प्रयागराज। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वाराणसी के विशेष



न्यायाधीश (सांसद-विधायक) अदालत के एक आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया है। अधीनस्थ अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध से जुड़े एक मामले को एसीजेएम की अदालत के पास भेज दिया है। यह मामला अमेरिका में सिखों के संबंध में 2024 में दिए गए एक बयान से जुड़ा है। यह मामला न्यायमूर्ति समीर जैन की एक पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है जिस पर एक सितंबर, 2025 को सुनवाई की जाएगी।

## मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

स्वदेशी उत्पादों के गौरवपूर्वक इस्तेमाल की अपील की

# आत्मनिर्भर भारत का मार्ग विकसित देश बनाने में मददगार साबित होगा

पीएम ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि जीवन की हर जरूरत में सबकुछ स्वदेशी होना चाहिए। मोदी अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद देश के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर लगातार जोर दे रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर रविवार को देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का गौरवपूर्वक इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने "स्थानीय उत्पादों के खुलकर इस्तेमाल" (वोकल फॉर लोकल) के मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि ''आत्मनिर्भर भारत'' का मार्ग विकसित भारत बनाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि जीवन की हर जरूरत में सबकुछ स्वदेशी होना चाहिए। मोदी अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद देश के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर लगातार जोर दे रहे हैं। देश के विभिन्न भागों में गणेश उत्सव, दुर्गा पूजा और दीपावली उत्सव के आगमन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को त्योहारों के दौरान उपहार, कपड़े, सजावट की वस्तुएं या अन्य कोई चीज खरीदते समय स्वदेशी उत्पादों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा, "गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है, गर्व से कहो यह स्वदेशी है। हमें इसी भावना के साथ आगे बढ़ना है। एक ही मंत्र है 'वोकल फॉर लोकल', एक ही रास्ता है आत्मनिर्भर भारत, एक ही लक्ष्य है विकसित भारत।"

**आपदा की घटनाओं ने हर भारतीय को दुखी किया**

उन्होंने कहा, ''कहीं मकान तहस-नहस हो गए, कहीं खेत जलमग्न हो गए, बड़ी संख्या में परिवार बर्बाद हो गए। कहीं पुल पानी के तेज बहाव में बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुखी किया है।"



**भारतीय संस्कृति के प्रति बढ़ी जागरूकता**

### प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही

मोदी ने कहा कि रामायण और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम अब दुनिया के हर कोने तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि इस महीने की शुरुआत में कनाडा के मिसिसागा में भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। उन्होंने बताया कि इसी महीने रूस के बेहद ठंडे इलाके व्लादिवोस्तोक में एक अनोखी प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें रूसी बच्चों ने रामायण के विभिन्न विषयों पर बनाए गए चित्र प्रदर्शित किए। उन्होंने कहा, "दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भारतीय संस्कृति के प्रति बढ़ती जागरूकता देखकर वाकई बहुत खुशी होती है।" प्रधानमंत्री ने बरसात के मौसम में प्राकृतिक आपदाओं के कहर पर भी चिंता व्यक्त की। मोदी ने कहा, "इस मानसून में, प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं।"

**महिला एथलीट भी आज पीछे नहीं रहीं**

### खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ने आकृष्ट किया

प्रधानमंत्री ने कहा, ''एक आयोजन, जिसने ध्यान आकृष्ट किया, वह था श्रीनगर की डल झील में आयोजित देश का पहला 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल'। सचमुच, इस तरह के उत्सव के आयोजन के लिए यह कितनी खास जगह है।'' मोदी ने कहा कि इसमें पूरे भारत से 800 से अधिक एथलीट ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री कहा, ''महिला एथलीट भी पीछे नहीं रहीं; उनकी भागीदारी लगभग पुरुषों के बराबर थी। मैं सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूं।'' स्वर्ण पदक जीतने वाले जम्मू-कश्मीर के मोहसिन अली से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के युवा देश का नाम रोशन कर सकते हैं क्योंकि उनमें अपार क्षमता है।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना विकास के लिए जरूरी

मोदी ने कहा कि ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की भावना और देश की एकता विकास के लिए बेहद जरूरी है और इसमें खेलों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि जर्मन कोच डाइटमार बेयर्सडॉर्फर ने लेक्स फ्रिडमैन के साथ अपने पॉडकास्ट में इस खेल के बढ़ते क्रेज के बारे में बात करने के बाद शहडोल के फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि बेयर्सडॉर्फर ने जर्मनी में स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर कुछ खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने में रुचि दिखाई है। मोदी ने कहा, ''शहडोल के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों की जीवन यात्रा ने उन्हें (जर्मन कोच को) बहुत प्रभावित और प्रेरित किया। सचमुच, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि वहां के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी दूसरे देशों का ध्यान आकर्षित करेंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इस जर्मन कोच ने शहडोल के कुछ खिलाड़ियों को जर्मनी की एक अकादमी में प्रशिक्षण देने की पेशकश की है।

**पटेल का ऑडियो सुनाया**

मोदी ने हैदराबाद को निजाम शासन से मुक्त कराने के अभियान के संबंध में भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का एक ऑडियो भी सुनाया। मोदी ने कहा, ''अगले महीने, सितंबर में हम हैदराबाद मुक्ति दिवस मनाएंगे। इस महीने हम 'ऑपरेशन पोलो' में भाग लेने वाले सभी नायकों के साहस को याद करेंगे।'

**सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला**

## वाहन का सार्वजनिक स्थान पर इस्तेमाल नहीं तो टैक्स नहीं लगेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है तो उसे इसका भुगतान करना होगा।जब कंपनी के वाहन केंद्रीय डिस्पैच यार्ड परिसर में इस्तेमाल किए जा रहे थे, उस अवधि में कंपनी ने आंध्र प्रदेश प्राधिकरण से मोटर वाहन कर के भुगतान से छूट की अपील की। बाद में मामला उच्च न्यायालय पहुंचा जहां से कंपनी को राहत देते हुए राज्य प्राधिकरण को कंपनी को 22,71,700 रुपए वापस करने का निर्देश दिया।

**मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत लगा टैक्स**

शीर्ष न्यायालय ने 29 अगस्त को दिए अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग 'सार्वजनिक स्थान' पर नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है।

**यह है मामला**

पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कॉर्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था। कंपनी ने केंद्रीय डिस्पैच यार्ड परिसर में 36 मोटर वाहन चलाए थे। कंपनी ने बताया कि केंद्रीय डिस्पैच यार्ड चारदीवारी से घिरा हुआ है और प्रवेश-निकास उन द्वारों से होता है जहां सीआईएसएफ के जवान तैनात हैं।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:–

1. खुली ई–निविदा संख्या आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम(डीटीटी)/5/2021/पर्यटन/सीओ – 'बौद्ध सर्किट टूरिस्ट ट्रेन' के पर्यटकों के लिए ग्राउंड हैंडलिंग व्यवस्था के प्रावधान हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए, जिसमें होटलों में फ्रेश–अप/रात भर ठहरना, ऑफ–बोर्ड खानपान, सड़क स्थानान्तरण, दर्शनीय स्थल, प्राथमिक चिकित्सा, पेशेवर/भाषा गाइड आदि शामिल हैं, दो साल की अवधि के लिए, सीजन 2025–26 और 2026–27 के लिए। बोली–पूर्व ऑनलाइन बैठक: 10.09.2025 को 11:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 25.09.2025 को 15:00 बजे तक।

2. खुली ई–निविदा संख्या 2025/आईआरसीटीसी/आरएन/संचालन/बिलासपुर – 5 साल की अवधि के लिए बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में 'रेल नीर' पैकेज्ड पेयजल संयंत्र के लिए ऑपरेटर के चयन हेतु। जमा करने की अंतिम तिथि: 12.09.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC को देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का आगे कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029

## 9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति का चुनाव

# एकजुटता बढ़ाने को मतदान से पहले पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों को डिनर पर बुलाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होना है। मतदान से ठीक एक दिन पहले आठ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सभी सांसदों को डिनर पर बुलाया है। इसके जरिए एनडीए की एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया जाएगा। इस चुनाव के लिए एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल और तमिलनाडु के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है।

**सरकार ने की विशेष तैयारी**



एनडीए ने अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए विशेष तैयारी की है। इसके लिए सांसदों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए सभी एनडीए सांसदों को 6-8 सितंबर तक दिल्ली में रहना होगा। प्रशिक्षण शिविर में अन्य बातों के अलावा यह भी बता जाएगा कि मतदान कैसे करना है?

**गुप्त मतदान इसमें लागू नहीं होता व्हिप**

उपराष्ट्रपति चुनाव में गुप्त मतदान होता है और व्हिप लागू नहीं होता है। ऐसे में एनडीए यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वोट डालने में कोई खामी न रहे। इसके लिए ऐसे विपक्षी दलों से संपर्क किया गया है, जो इंडिया गठबंधन में नहीं हैं।

### पंजाब बाढ़: मान ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर 60 हजार करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया

चंडीगढ़ (भाषा)। पंजाब में दशकों में आई सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहे राज्य की दुर्दशा को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा और उनसे राज्य के लिए 60,000 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि यह राशि केंद्र के पास अटकी हुई है। मान ने राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में उपलब्ध धनराशि के मानदंडों में संशोधन की भी मांग की और कहा कि उनकी सरकार प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ कम से कम 50,000 रुपये का भुगतान करना चाहती है।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग को दीं 89 लाख शिकायतें, सभी खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन



पुनरीक्षण के दौरान पार्टी के बूथ स्तरीय एजेंटों द्वारा अनियमितताओं की 89 लाख शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन चुनाव आयोग ने सभी को खारिज कर दिया। यह आरोप लगाते हुए कि ये अनियमितताएं चुनाव आयोग की मंशा पर संदेह पैदा करती हैं, खेड़ा ने पूरी प्रक्रिया दोबारा कराने की मांग की। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा चुनाव आयोग को अपने सूत्रों से लगातार यह खबर मिल रही है कि किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत नहीं आ रही है।

**चुनाव आयोग ने कहा एक भी आपत्ति नहीं दी**

हालांकि, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा आज तक, बिहार में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किसी भी जिला अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी भी बीएलए ने 1 अगस्त को निर्धारित प्रारूप में प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में किसी भी नाम पर कोई दावा (फॉर्म 6) या आपत्ति (फॉर्म 7) प्रस्तुत नहीं की है।

### रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का निधन

नई दिल्ली। 'रामायण' बनाने वाले रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया।



वो पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। उम्र से जुड़ी काफी समस्याएं वो फेस कर रहे थे। प्रेम सागर ने 31 अगस्त की सुबह 10 बजे दम तोड़ा। प्रेम सागर के निधन पर 'रामायण' के 'लक्ष्मण' सुनील लहरी ने शोक जताया है। उन्होंने प्रेम सागर की फोटो शेयर कर लिखा- यह दुखद समाचार शेयर करते हुए अत्यंत दुख हो रहा है। रामानंद सागर जी के पुत्र प्रेम सागर जी परलोक सिधार गए हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें और घरवालों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति दें।

## शहरी स्वास्थ्य केंद्र का गृह मंत्री शाह ने किया उद्घाटन

विशेष चिकित्सकों से होगा लाभ

# लोगों को मिलेंगी विशेष स्वास्थ्य सेवाएं

'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण अभियान का किया नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी दिन गृह मंत्री अमित शाह ने गोता वार्ड में बने शहरी स्वास्थ्य केंद्र का भी उद्घाटन किया। लगभग 3.84 करोड़ की लागत से बने इस केंद्र में लोगों को सभी बुनियादी और विशेष स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। अहमदाबाद नगर निगम के अनुसार, इस तरह यह स्वास्थ्य केंद्र गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अब अपने इलाके में ही विशेषज्ञ डॉक्टर और जरूरी इलाज आसानी से मिल सकेगा।



**सभी रोगों का भी होगा यहां पर उपचार**

इसमें आयुष्मान भारत योजना कार्ड, अभा कार्ड जैसी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और जननी सुरक्षा योजना जैसी मातृ कल्याण योजनाओं का लाभ, महिलाओं की बीमारियों का इलाज व परामर्श, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए विशेष सुविधा शामिल हैं। नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए जांच, इलाज और टीकाकरण के साथ-साथ गंभीर बीमारियों की जांच व पहचान- जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर इत्यादि की सुविधा मौजूद है।

**मकसद...पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली को बढ़ावा दें**

पौधरोपण का मकसद है कि पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली दोनों को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने का काम करेगा बल्कि लोगों के दिलों को अपनी मां से जोड़ते हुए एक भावनात्मक संदेश भी देगा। शाह ने कहा कि यह पहल समाज को प्रकृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने वाली है।



## चिंतन

# चीन से दोस्ती तो ठीक सतर्क रहना भी जरूरी

चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। ये विश्व के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। दोनों साथ आते हैं तो दोनों देशों का ही नहीं बल्कि 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा। आज चीन के शहर बीजिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का सार यही है। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। गलवान झड़प के बाद मोदी पहली बार चीन पहुंचे हैं। हालांकि दोनों नेताओं में रूस में मुलाकात हो चुकी है। वैसे भी गलवान के तनाव और अब के हालात में बहुत अंतर है। इस अंतर का कारण हैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे पहले चीन को निशाने पर लिया था। उस पर एक के बाद एक टैरिफ थोपे गए। हालांकि बाद में वो चीन को लेकर नरम पड़ गए और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर किसी भी सूरत में भरोसा नहीं किया जा सकता। वो अपनी सनक के चलते कब क्या फैसला लेंगे, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं। इसलिए जरूरी है कि मिलकर उनसे मुकाबला किया जाए। यह पहला मौका नहीं है जब भारत और चीन साथ आए हो। कभी 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगता था, लेकिन 1962 के युद्ध ने रिश्तों में कड़वाहट घोल दी थी। भारत और चीन के रिश्तों की शुरुआत 1938 में हुई थी। उस समय चीन जापान के हमलों से परेशान था। भारत ने इंसानियत दिखाते हुए चीन की मदद के लिए एक मेडिकल टीम भेजी। इस टीम में पांच भारतीय डॉक्टर थे, जिनमें से एक थे डॉ. द्वारकानाथ कोटनीस। डॉ. कोटनीस ने चीन के लोगों की सेवा करने का फैसला किया और वहीं रुक गए। भारत और चीन ने आजादी के बाद अपने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास किया। दोनों देशों ने एक समझौता किया। यह समझौता 29 अप्रैल, 1954 को हुआ था लेकिन यह समझौता ज्यादा समय तक नहीं चल पाया। 1959 में जब भारत ने चीन से भागे दलाई लामा को शरण दी तो चीन ने इसे अपने अंदरूनी मामलों में दखल देना माना। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने लगा। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रीमियर झोउ एनलाई ने कई बार मिलकर इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार 20 अक्टूबर, 1962 को चीन ने भारतीय सीमा पर हमला कर दिया। इस युद्ध ने भारत के भरोसे को बुरी तरह से तोड़ दिया। साल 2020 में लद्दाख के अक्साई चिन में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हो गए। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद भारत ने चीन के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया था। फ्लाइट सर्विस भी रोक दी गई थी। इससे दोनों देशों के बीच यात्रा करना मुश्किल हो गया था। भारत के लिए परेशानी का एक कारण चीन द्वारा बार-बार पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा होना भी है। वो पाक का समर्थन करके आतंकवाद के समर्थन में खड़ा हो जाता है। अब प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद जिनपिंग का यह कहना कि ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है और चीन-भारत की दोस्ती समय की मांग भी है, लेकिन चीन की विस्तारवादी सोच के चलते भारत को हमेशा सतर्क भी रहना होगा।

# जल्द निकालना होगा टैरिफ का तोड़



**टैरिफ संकट**
विकेश कुमार बडोला

> भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है।

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गये हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी।

उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है। इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किये बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुयें निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापार नीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुयें भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवर्द्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नये विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक वक्तव्य भी



प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाये रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्ट अप से जोड़कर परिणोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा। अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पर्द्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पर्द्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा।


अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीदार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायन मिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं।

इसी प्रकार भारत के पास आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा की विलक्षण योग्यता है। इन उपायों के बल पर दुनिया का हरेक व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ करना चाहता है। भविष्य में इस क्षेत्र को भी भारत के अर्थतंत्र का बड़ा आधार स्तंभ बनाया जा सकता है। इन दीर्घकालिक उपायों को अपनाकर भारत भविष्य में अमेरिका हो अथवा कोई अन्य देश, उसके किसी भी टैरिफ युद्ध का प्रतिरोध करने में पूर्णरूपेण सक्षम हो सकेगा

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
**दर्शन**

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## ऐसे काम न करें, जिनसे गलत संदेश जाए



संकलित
**प्रेरणा**

गुरुजी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

**व्यक्तित्व**
कमल कटकी



# उत्कृष्ट भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ थे 'भूपेन दा'

मुझे लगता है कि समग्र विश्व में ऐसा कोई कलाकार नहीं होगा- जिसके पास गायक, गीतकार, संगीतकार, कहानी लेखक, निबंधकार, नाटककार, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, फिल्म निर्माता, संगीत निर्देशक, अभिनेता, पत्रकार, साहित्यकार, पत्रिका संपादक, पुस्तक पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता, बुद्धिजीवी आदि सभी गुण एक साथ हों। ऐसा ही एक व्यक्ति हैं डॉ. भूपेन हाजरिका। 1984 से भूपेन दा के एक गिटार वादक के रूप में 5 नवंबर 2011 को महाप्रयाण के दिन तक, अपने पच्चीस वर्षों से अधिक समय की निकटता के दौरान हर एक क्षण में, मैंने बहु-प्रतिभाशाली, बहुआयामी कर्मयोगी, भूपेन दा को करीब से देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। 8 सितंबर, 1926 को उस समय के नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर के अधीन तथा आज के अरुणाचल प्रदेश की तलहटी में स्थित एक छोटे से शहर सदिया से अपनी जीवन यात्रा की शुरुआत करने वाले भूपेन दा अपनी जीवन परिक्रमा को कठोर संघर्ष, सुख-दुख, उतार-चढ़ाव के बीच आगे ले जाते हुए खुद को एक वैश्विक कलाकार के रूप में स्थापित करना इतना आसान नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी गुणवत्तापूर्ण गीत-संगीत की रचनाओं के माध्यम से आम लोगों का दिल जीतने में सक्षम हुए थे। भूपेन दा की चिरस्थायी वैश्विक लोकप्रियता केवल उनके गीतों के कारण ही है, ऐसी बात नहीं है। मेरी दृष्टि में, भूपेन दा एक बरगद के पेड़ की तरह विशाल हृदय के व्यक्तित्व के धनी थे और इस पेड़ की जड़ें खारखोआ (मूल) असमिया थे, पूरे पेड़ समग्र भारत था और पेड़ की शाखाएं, उप-शाखाएं, पत्ते आदि विश्व-उन्मुख थे। बिहू, ब्रह्मपुत्र और



भूपेन- अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों से समृद्ध इन शब्दों ने आज भी असम का परिचय विश्व के सामने उजागर करती है। भूपेन दा के सहयोगी के रूप में काम करने के कारण, असम के अलावा दुनिया भर के कई जाने-माने कलाकारों और हस्तियों से मिलने का अवसर मुझे मिला। लेकिन भूपेनदा जैसे महान व्यक्तित्व की सुगंध मुझे उनमें नहीं मिली। हमारे जैसे आम लोगों के लिए भूपेन दादा को समझ पाना मुश्किल है। उनमें विभिन्न रूपों का एक अद्भुत संयोजन था। क्रोध उनके जीवन का हमसफर जैसा था, ठीक उसी तरह जैसा उनके साथ हमेशा अपनी प्यारी मुस्कान रहती, जैसे धान के खेत की पराली तुरंत जलते ही थम जाती है, गुस्सा भी उसी तरह तुरंत गायब हो जाता है। पैसे के प्रति उनमें तनिक भी मोह नहीं था। उन्होंने मुझे कभी यह नहीं पूछा कि "फलाँ कार्यक्रम में गाने के लिए तुम्हें कितना मानदेय मिला?" या "मैं गाकर कितना कमा पाया?" यहां तक कि कार्यक्रम से संबंधित आय-व्यय का हिसाब-किताब जानने की कोशिश भी उन्होंने कभी नहीं की। पैसों के प्रति उनकी उदासीनता इतनी थी कि एक बार गुवाहाटी में आयोजित लता मंगेशकर के संगीत-प्रदर्शन का भारी-भरकम मानदेय लेकर भूपेन दा ने वह पैसों का थैला मुम्बई की टैक्सी में ही भूलकर छोड़ दिया था। धन के जोड़-घटाव से भूपेन दा का कोई लेना-देना नहीं था, वे जानते थे तो केवल शब्द और सुर का जोड़-घटाव, जनता से संवाद का जोड़-घटाव। आम लोगों के बीच रहकर असाधारण जीवन जीकर उन्हें बहुत संतोष मिलता था। साधारण जन के बीच रहकर खुश रहने वाले इस असाधारण भूपेन हजारिका ने समय से आगे चलकर अपनी जीवन-यात्रा को गहन आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाया और असम सहित सम्पूर्ण भारत में स्वयं को एक चिरस्मरणीय संगीतकार के रूप में स्थापित कर गए। राजपथ के किनारे आराम कर रहे रिक्शा चालक से वे कभी एक चुटकी खैनी लेकर अचानक ही गाने लगते थे -"मानुहे मानुहर बाबे, जदीहे अकनो ना भाबे"। उस क्षण कोई सोच भी नहीं सकता था कि ये वही भूपेन हाजरिका हैं जिन्होंने पचास के दशक में कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब भूपेन दा को डॉक्टरेट की उपाधि दी गई, तब डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा था - 'डॉ. हज़ारिका, मैं हमेशा आपके जैसा बनना चाहता हूँ। लेकिन मैं आपके जैसा कैसे बन सकता हूँ?' तेजपुर विश्वविद्यालय ने इन दोनों महापुरुषों को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की थी। भूपेन दा के महाप्रयाण के कुछ दिन पहले स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भूपेन दा को दीपावली की शुभकामनाएं भेजते हुए जीवन-संघर्ष में विजय पाने का उत्साह दिया और कहा था- 'सभी उत्कृष्ट भारतीयों में आप सर्वश्रेष्ठ हैं।' मेरी नजर में भूपेन दा एक ऐसे ही व्यक्तित्व थे।

( लेखक प्रसिद्ध संगीतज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे**

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*- विकास लाहोटी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# मैक्रों के फैसले से इजराइल और अमेरिका हुए नाराज



फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निर्णय के बाद अन्य पश्चिमी देशों ने भी इसी प्रकार के कदम उठाए जिसे लेकर इजराइल और उसके सहयोगी अमेरिका में नाराजगी है। इस फैसले ने गाजा में जारी विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने के कूटनीतिक प्रयासों के केंद्र में दो-राष्ट्र समाधान को एक बार फिर से ला खड़ा किया। पिछले सप्ताह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लिखे एक पत्र में राष्ट्रपति मैक्रों ने लिखा, "फलस्तीनी जनता को उनका अपना राष्ट्र दिलाने के हमारे संकल्प की जड़ें इस विश्वास से जुड़ी हैं कि स्थायी शांति इजराइल की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस के कूटनीतिक प्रयास गाजा में उस भयावह मानवीय आपदा पर हमारे आक्रोश से उत्पन्न हुए हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं हो सकता। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इजराइल पर हमले के साथ शुरू हुए युद्ध में अब तक 63,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और माल्टा ने कहा है कि वे 23 सितंबर से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के दौरान फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के अपने संकल्प को औपचारिक रूप देंगे।

## ऑफ बीट

# एआई को प्रशिक्षित करने का डेटा खत्म हो सकता है




जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अपनी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच रही है, शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उद्योग में प्रशिक्षण डेटा खत्म हो सकता है - वह ईंधन जो शक्तिशाली एआई सिस्टम चलाता है। यह एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल के विकास को धीमा कर सकता है, और एआई क्रांति के प्रक्षेपवक्र को भी बदल सकता है। लेकिन वेब पर डेटा की मात्रा को देखते हुए, डेटा की संभावित कमी एक मुद्दा क्यों है? और क्या जोखिम से निपटने का कोई तरीका है? एआई के लिए उच्च गुणवत्ता वाला डेटा क्यों महत्वपूर्ण है? शक्तिशाली, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले एआई एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए हमें बहुत सारे डेटा की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, चैटजीपीटी को 570 गीगाबाइट टेक्स्ट डेटा या लगभग 300 अरब शब्दों पर प्रशिक्षित किया गया था। इसी तरह, स्थिर प्रसार एल्गोरिथ्म (जो डीएएलएल-ई, लेंसा और मिडजर्नी जैसे कई एआई छवि-जनरेटिंग ऐप्स के पीछे है) को 5.8 अरब छवि-पाठ जोड़े वाले एलआईएओएन-5बी डेटासेट पर प्रशिक्षित किया गया था। यदि किसी एल्गोरिदम को अपर्याप्त मात्रा में डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो यह गलत या निम्न गुणवत्ता वाले आउटपुट उत्पन्न करेगा।

## ट्रेंड

### 'प्रतिभा सेतु' प्लेटफार्म



यूपीएससी की अलग-अलग परीक्षाओं में जो होनहार प्रतिभागी आखिरी मेरिट लिस्ट का हिस्सा नहीं बन पाते, उनके लिए 'प्रतिभा सेतु' डिजिटल प्लेटफार्म बनाया गया है। यह बहुत खुशी की बात है कि इसकी मदद से उन्हें नए अवसर मिलने लगे हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निर्यात में गिरावट की आशंका



अमेरिकी टैरिफ से निर्यात में गिरावट की आशंका के कारण राजस्थान के हैंडीक्राफ्ट निर्यातक भी परेशान हैं। इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं कारीगरों एवं श्रमिकों के रोजगार पर भी पड़ेगा। केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### चीन पर निर्भरता



चीन से आने वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोजगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### संवैधानिक ज़िम्मेदारी



गुजरात में भी बड़े पैमाने पर वोटों में धांधली का पर्दाफाश हुआ है। चुनाव आयोग ऐसे मामलों पर प्रतिक्रिया देने व उनकी जाँच करने की अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी निभाएगा या फिर यूँ ही चुपचाप बैठा रहेगा?

**-जयराम रमेश, सांसद, कांग्रेस**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# यूएस ओपन: वीनस के साथ जीते भांबरी, कोको-नाओमी ने चौथे दौर में रखा कदम



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान कोको गॉफ का शानदार प्रदर्शन जारी है। कोको गॉफ ने जहां मैग्डेलेना फ्रेच पर जीत दर्ज की। वहीं साल 2021 के बाद कोई ग्रैंडस्लैम खेलने वाली जापान की नाओमी ओसाका ने डारिया कसाटकिना को हराकर चौथे दौर में कदम रखा। अब ओसाका ओर कोको का साल 2019 के बाद किसी ग्रैंडस्लैम में आमना-सामना होगा। वहीं मेंस डबल्स में युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस ने दूसरे दौर में कदम रखा। लेकिन रोहन बोपन्ना और अर्जुन काधे अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ हारकर बाहर हो गए।

- बोपन्ना और अर्जुन का सफर समाप्त
- 2019 के बाद ओसाका और कोको का होगा आमना-सामना

### भारतीय खिलाड़ियों में भांबरी ही जीते बाकी हारे

वहीं मेंस डबल्स में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर अगले दौर में कदम रखा। जबकि रोहन बोपन्ना और मोनाको के जोड़ीदार रोमेन अर्नेडो को पहले दौरे में ही अमेरिका के रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की जोड़ी से 4-6 और 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन में डेब्यू करने वाले भारत के अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार डिएगो हिडाल्गो को दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के आगे 7-5, 6-7(4), 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।



### गॉफ पहुंची चौथे दौर में

यूएस ओपन 2025 के वीमेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में कोको गॉफ ने मैग्डेलेना फ्रेच पर 6-3, 6-1 से जीत के साथ लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जबकि ओसाका ने चार साल बाद ग्रैंडस्लैम में वापसी करते हुए डारिया कसाटकिना को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। इसके चलते अब साल 2019 के बाद पहली बार ओसाका और कोको का मुकाबला होगा।

### प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिनर



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा और लोगों को यह भी याद दिलाया कि वह कोई मशीन नहीं हैं। मौजूदा चैंपियन सिनर ने दुनिया के 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव को 5-7, 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'मैं कोई मशीन नहीं हूं और आप सब यह जानते हैं। मुझे भी कभी-कभी संघर्ष करना पड़ता है। मुझ पर भी दबाव होना स्वाभाविक है। आपको मैच के अनुसार सामंजस्य बिठाना पड़ता है।' इटली के इस खिलाड़ी ने इस तरह से हार्डकोर्ट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

## खबर संक्षेप



### प्रदर्शन से अधिक ध्यान मैच खेलने पर था: पराग

**बेंगलुरु।** सत्र में अधिकतर समय कंधे की चोट से जूझने के बाद रियान पराग का दलीप ट्रॉफी में आने का निजी लक्ष्य कुछ मैच खेलना था और असम के इस ऑलराउंडर को इस लक्ष्य को हासिल करने की खुशी है। पिछले साल के अंत में लगी कंधे की चोट ने आईपीएल 2025 में भी उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी को प्रभावित किया है और पराग ने आईपीएल के बाद दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र की अगुवाई करने तक कोई क्रिकेट नहीं खेला। उत्तर क्षेत्र के पहली पारी की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद पराग ने संवाददाताओं से कहा, 'मैच में खेलकर अच्छा लगा।

### ओलंपिक में पदक जीत जाती, तो ले लेती संन्यास



**नई दिल्ली।** लवलीना बोरगोहेन ने अपनी अकादमी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुक्केबाजी से संन्यास लेने पर विचार किया था, लेकिन पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक से चूकने के बाद उन्होंने यह फैसला टाल दिया। असम की यह मुक्केबाज आगामी विश्व चैंपियनशिप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार है और उनका लक्ष्य ओलंपिक में दूसरा पदक जीतना है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर हैं। रिंग से दूर रहने के दौरान उन्होंने अपनी अकादमी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्घाटन जून में गुवाहाटी में हुआ।

### मैराथन: किरोस और हसन ने बनाए नए रिकॉर्ड

**सिडनी।** इथियोपिया के हैलीमारयम किरोस और नीदरलैंड के सिफान हसन ने सिडनी मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नए रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। किरोस ने पुरुषों की दौड़ दो घंटे छह मिनट और छह सेकंड में जीती। यह ऑस्ट्रेलिया में मैराथन में सबसे तेज समय है। उन्होंने पिछले रिकॉर्ड में एक मिनट से भी अधिक समय का सुधार किया। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी हमवतन अदिसु गोबेना से 10 सेकंड आगे रहा।

### यू मुंबा ने वापसी कर थलाइवाज को हराया

**विशाखापत्तनम।** यू मुंबा ने प्रो कबड्डी लीग मुकाबले के दूसरे हाफ में नौ अंक से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तमिल थलाइवाज को 36-33 से हराया। अर्जुन देशवाल के सुपर 10 से थलाइवाज ने मैच के ज्यादातर समय में अपनी बढ़त बनाये रखी लेकिन दूसरे हाफ में अजित चौहान और अनिल मोहन के दमदार खेल से यू मुंबा की टीम वापसी कर जीत दर्ज करने में सफल रही। मध्यांतर के समय थलाइवाज की टीम 14-11 से आगे थी और टीम ने यू मुंबा को ऑल आउट कर नौ अंकों की मजबूत बढ़त बना ली। यू मुंबा ने हालांकि आखिरी क्षणों में मैच का रुख पलट दिया।

## हॉकी एशिया कप: कप्तान हरमनप्रीत ने दागे 2 गोल

# टीम इंडिया ने चीन के बाद जापान को भी रौंदा, लगातार मिली दूसरी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारत ने पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल ए के कड़े मुकाबले में जापान को 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई किया। चीन के खिलाफ पहले मैच में हैट्रिक बनाने वाले हरमनप्रीत ने पांचवें और 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एक अन्य गोल मनदीप सिंह ने चौथे मिनट में किया। जापान की ओर से दोनों गोल कोसेई कावाबे ने 38वें और 59वें मिनट में किए। भारत ने शुक्रवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की जीत के साथ की थी। दो मैच में दो जीत के बाद भारत छह अंक के साथ पूल ए में शीर्ष पर है।




### करकेरा ने किए दो शानदार बचाव

मध्यांतर के बाद खेल शुरू होने के कुछ मिनट बाद सुखजीत ने मनदीप को सर्कल के अंदर पास दिया लेकिन उनके शॉट को जापान के गोलकीपर ने रोक दिया। जापान ने 38वें मिनट में काइतो तनाका के पास पर कावाबे के गोल से भारत की बढ़त को कम किया लेकिन मेजबान टीम ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत के एक और गोल से फिर दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। जापान को 49वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने दो शानदार बचाव किए।मैच खत्म होने से दो मिनट पहले कावाबे ने जरमनप्रीत की कमजोरी का फायदा उठाकर गोल किया लेकिन जापान को हार से नहीं बचा पाए।

### चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराया

पूल ए के दूसरे मैच में चीन ने कजाखस्तान को 13-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की और सुपर चार में जगह बनाने का दावा बरकरार रखा। कजाखस्तान को मैच शुरू होने के 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी मिली और अगिमटे डुइसेंगजी ने सटीक फ्लिक से गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि इसके बाद चीन ने दबदबा बनाया। चीन के लिए डू शिहाओ (10वें, 53वें), किजुन चेन (13वें), चांगलियांग लिन (15वें, 39वें), बेनहाई चेन (29वें, 56वें), युआनलिन लू (31वें), जिशेंग गाओ (33वें) शियाओलोंग गुओ (41वें, 58वें) और युआनलिन लू (42वें, 44वें) ने गोल दागे। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।

### भारत ने पिछले मैच की तुलना में किया बेहतर प्रदर्शन

जापान और चीन ने एक-एक जीत दर्ज की है। मेजबान टीम अपना अंतिम पूल मैच सोमवार को कजाखस्तान के खिलाफ खेलेगी जबकि जापान और चीन के बीच होने वाले मुकाबले से पूल ए से सुपर चार में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। भारत ने पिछले मैच की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। टीम में बेहतर समन्वय दिखा और उसे तेज हॉकी खेली, जिसके कारण प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर लगातार हमले हुए। भारत को पहला मौका दूसरे मिनट में ही मिल गया जब हरमनप्रीत ने मनप्रीत को गेंद दी लेकिन सर्कल के ठीक अंदर से लिया गया उनका शॉट गोल से कुछ इंच दूर से बाहर निकल गया।

## 13 से 21 सितंबर के बीच होगी प्रतियोगिता

# विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे नीरज




भाषा ▶▶ नई दिल्ली

**भाला फेंक में हमारे सबसे अधिक खिलाड़ी**

**रविवार को हुई 19 सदस्यीय टीम की घोषणा**

अगले महीने तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक होगी जिसमें नीरज चोपड़ा की अगुआई में देश के चार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह वैश्विक मंच पर दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा के प्रदर्शन से आई गई 'क्रांति' का उल्लेखनीय प्रतिबिंब है। भारत ने 13 से 21 सितंबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए रविवार को 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें भाला फेंक स्पर्धा में चोपड़ा के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। तोक्यो में प्रतिस्पर्धा करने वाले शुरुआती 36 खिलाड़ियों के समूह में जगह बनाने में नाकाम रहे रोहित को विश्व एथलेटिक्स से आमंत्रण मिला जब विश्व रैंकिंग में उनसे ऊपर के प्रतियोगियों ने नाम वापस ले लिया। पिछले टूर्नामेंट में भी चार भारतीयों ने क्वालीफाई किया था लेकिन रोहित चोट के कारण बाहर हो गए थे। चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था जबकि किशोर जेना और डीपी मनु क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे थे। देश के इतिहास में पहली बार चार भारतीय विश्व चैंपियनशिप की किसी स्पर्धा में हिस्सा लेंगे।

गत चैंपियन होने के कारण 27 वर्षीय चोपड़ा ने वाइल्ड कार्ड से विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जिससे तीन अन्य भारतीयों के उनके साथ जुड़ने का रास्ता साफ हुआ।

## विश्व चैंपियनशिप

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ▶▶ पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

### टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त

एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया।

### चेन और लियू की शानदार वापसी

सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही, जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के जबरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की और निर्णायक गेम में प्रवेश किया।

## स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर (दाएं) रियल मैड्रिड और मैलोर्का के बीच स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम का दूसरा गोल करने का जश्न मनाते हुए।

### पाकिस्तान ने यूएई को हराया

**शारजाह।** सैम अयूब और हसन नवाज के तूफानी अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात को 31 रन से हरा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने 38 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि नवाज ने 26 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली जिसमें छह छक्के शामिल हैं।



कप्तान सलमान अली आगा ने लगातार दूसरी बार टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 207 रन बनाए। यूएई की तरफ से तेज गेंदबाज सगीर खान ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ खान ने यूएई के लिए अपने 50वें टी-20 मैच का जश्न 35 गेंदों पर 77 रन की आक्रामक पारी के साथ मनाया, लेकिन उनके अलावा केवल कप्तान मोहम्मद वसीम (33) ही कुछ योगदान दे पाए। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर यूएई को आखिर में आठ विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान की तरफ से हसन अली ने 47 रन देकर तीन विकेट लिए।

## सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन का सामना वेस्ट जोन से, साउथ जोन से भिड़ेगा नॉर्थ जोन

# दोनों क्वार्टर फाइनल ड्रॉ, 2 मैचों में लगे 4 शतक, 2 डबल सेंचुरी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2025 का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के बीच खेला गया, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ तो वहीं दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच खेला गया और ये मैच भी ड्रॉ पर खत्म हुआ। बेशक दोनों मैच ड्रॉ रहे, लेकिन अपने-अपने मैचों में बड़ी बढ़त के आधार पर नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

पहले दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुछ बल्लेबाजों ने अपने हाथ जमकर दिखाए और इन दोनों मैचों में चार बल्लेबाजों ने शतक लगाए जबकि दो बल्लेबाजों ने दोहरा शतक जड़ा यानी पहले दो मैचों में 4 शतकीय पारी खेली गई जबकि दो दोहरा शतक भी लगा।

### मालेवर और बदोनी ने लगाए दोहरे शतक

दानिश मालेवर ने सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में 222 गेंदों पर 203 रन की पारी खेली थी और फिर वो रिटायर हर्ट हो गए थे। उनकी इस पारी से उनकी टीम को बड़ी बढ़त लेने में काफी आसानी हुई। वहीं दूसरा दोहरा शतक नॉर्थ जोन के खिलाड़ी आयुष बदोनी ने ईस्ट जोन के खिलाफ लगाई। उन्होंने ईस्ट जोन के खिलाफ दूसरी पारी में 223 गेंदों पर नाबाद 204 रन बनाए।





### अंकित, ढुल, पाटीदार और शुभम ने ठोकी सेंचुरी

दलीप ट्रॉफी के दोनों क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अंकित कुमार, यश ढुल, रजत पाटीदार और शुभम शर्मा ने शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। सेंट्रल जोन की तरफ से इस टीम के कप्तान रजत पाटीदार ने पहली पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली जबकि सेंट्रल जोन के शुभम शर्मा ने दूसरी पारी में नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 215 गेंदों पर 122 रन की पारी खेली।

### सेमीफाइनल में अजहरुद्दीन करेंगे दक्षिण क्षेत्र की अगुवाई

**बेंगलुरु।** केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को उत्तर क्षेत्र के खिलाफ चार सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए रविवार को तिलक वर्मा की जगह दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया। तिलक वर्मा को पहले दक्षिण क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए वह आगे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे। तिलक वर्मा के साथ अजहरुद्दीन टीम के उप-कप्तान थे और अब यह भूमिका तमिलनाडु के एन. जगदीशन को सौंप दी गई है।

ग्रुप फोटो सेशन में पाक व तुर्किए को दिखाई औकात

# एससीओ में भारत की कूटनीति, मोदी ने शहबाज-एर्दोगन की ओर देखा भी नहीं

*एससीओ में भारत ने जो कूटनीति दिखाई है, उसकी खूब चर्चा हो रही है। चीन के तियानजिन में एससीओ के सभी सदस्य एक मंच पर एक साथ मौजूद थे। इसके बाद ग्रुप फोटो सेशन हुआ। फोटो सेशन के बाद पीएम मोदी ने पाकिस्तान और तुर्किए को छोड़ सभी देशों के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पाक पीएम शहबाज शरीफ और तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से दूरी बनाए रखी, यहां तक कि उन्होंने उनकी ओर देखा भी नहीं।*


नेपाल के पीएम ओली से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ तियानजिन/नई दिल्ली

एससीओ में भारत ने जो कूटनीति दिखाई है, उसकी खूब चर्चा हो रही है। चीन के तियानजिन में एससीओ के सभी सदस्य एक मंच पर एक साथ मौजूद थे। इसके बाद ग्रुप फोटो सेशन हुआ। फोटो सेशन के बाद पीएम मोदी ने पाकिस्तान और तुर्किए को छोड़ सभी देशों के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पाक पीएम शहबाज शरीफ और तुर्किए के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से दूरी बनाए रखी, यहां तक कि उन्होंने उनकी ओर देखा भी नहीं। फोटो सेशन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान, इजिप्ट पीएम मुस्तफा मदबौली, बेलारूस के राष्ट्रपति समेत कई नेताओं से गर्मजोशी से मुलाकात की। वहीं उन्होंने शहबाज और एर्दोगन को नजरअंदाज किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते और ज्यादा बिगड़ गए हैं।




बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मुलाकात

## नेपाली पीएम, म्यांमार के जनरल से मिले मोदी

**नई दिल्ली।** चीन में सोमवार को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से पहले 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी ओली और म्यांमार के सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग के अलावा समूह के कई अन्य देशों जैसे वियतनाम, लाओस, आर्मेनिया, तुर्कमेनिस्तान, बेलारूस, ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, मालदीव और मिस्र के शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात हुई। पीएम ने इन सभी नेताओं के साथ हुई अपनी मुलाकात का जिक्र एक्स पर की गई कई पोस्ट में किया।

## 'भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों' के खिलाफ ब्रिक्स देश एकजुट : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस एवं चीन ने ब्रिक्स सदस्य देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले "भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों" के खिलाफ एक एक साथ हैं। पुतिन ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की। पुतिन ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दे रहे हैं।

### भारत सहित ये देश हैं ब्रिक्स के सदस्य

ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं।

### पुतिन चीन की जीत की वर्षगांठ में शामिल होंगे

शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ वार्ता करने के अलावा, पुतिन द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले परेड में भी शामिल होंगे।


मालदीव के राष्ट्रपति के मोइज्जु से मिलते हुए प्रधानमंत्री मोदी।

## पाक के कारण तुर्किए ने बिगाड़े अपने रिश्ते

भारत-पाकिस्तान के बीच कैसा संबंध है ये तो जगजाहिर है लेकिन तुर्किए के साथ जो कभी भारत के अच्छे संबंध थे, वो इस समय खराब चल रहे हैं। इसके पीछे की वजह है पाकिस्तान। पहलगाम आतंकी हमले के बाद तुर्किए ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया था और भारत के खिलाफ पाकिस्तान को हथियार भी मुहैया कराया था। इसके बाद तनाव इतना बढ़ गया कि भारत में तुर्किए बॉयकॉट की मुहिम शुरू हो गई।


म्यांमार के सीनियर जनरल से हाथ मिलाते पीएम मोदी।

## कजाकिस्तान सहित इन देशों के राष्ट्रपति से मिले मोदी

मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति तोकायेव के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा- हमारे देश ऊर्जा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और फार्मा सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। समिट के दौरान मोदी ने मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। उन्होंने कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद करते हुए कहा- भारत-मिस्र की दोस्ती नई ऊंचाइयों को छू रही है। वहीं मोदी ने बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा- मुझे अलेक्जेंडर से मिलकर खुशी हुई। जहां तक हमारे देशों का संबंध है, हम दोनों ही भविष्य में मिलने वाले लाभकारी अवसरों को लेकर बहुत आशावादी हैं।

## ट्रंप को जाएगा सीधा संदेश...नहीं झुकेगा भारत

पीएम मोदी-जिनपिंग की बैठक रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 12 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे) शुरू हुई। मोदी और जिनपिंग की बैठक ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत और चीन के रिश्तों में कुछ नरमी आई है। यह पीएम मोदी का सात साल बाद चीन का पहला दौरा है और दस महीनों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी दूसरी मुलाकात। पिछली मुलाकात रूस के कजान शहर में हुए ब्रिक्स 2024 सम्मेलन के दौरान हुई थी। मोदी-शी की मुलाकात इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि हाल ही में अमेरिका और भारत के रिश्तों में खटास आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है।

मालवेयर से यूजर्स को था बड़ा खतरा

# गूगल ने प्ले स्टोर से एक साल में हटाए 40 लाख से ज्यादा एप्स



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ने एक बड़ा ऐक्शन लेते हुए अपने प्ले स्टोर से 77 खतरनाक एप्स को हटा दिया है। ये सभी एप्स यूजर्स की सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए खतरा बने हुए थे। हालांकि, यह केवल हालिया कार्रवाई का हिस्सा है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल ने पिछले साल लगभग 40 लाख एप्स को डिलीट किया, यानी औसतन हर दिन 11,000 एप्स को हटाया गया। यह जानकारी सर्फशार्क की रिपोर्ट और गूगल के ट्रांसपेरेंसी डेटा से सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, हटाए गए आधे से ज्यादा ऐप्स डेटा प्रोटेक्शन और प्राइवेसी नियमों का उल्लंघन कर रहे थे।

### जांच से गुजरना होगा

इसके साथ ही गूगल ने इस साल करीब 1.55 लाख डेवलपर अकाउंट्स को भी ब्लॉक कर दिया। कंपनी अब साइडलोडेड एप्स (जो सीधे प्ले स्टोर से डाउनलोड नहीं होते) पर भी सख्ती कर रही है। गूगल का कहना है कि अब केवल वही डेवलपर्स एप्स पब्लिश कर सकेंगे, जो वेरिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरेंगे। गूगल ने यूजर्स को चेतावनी दी है कि अगर कोई एप प्ले स्टोर से गायब हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं है कि डेवलपर ने उसे हटाया है। बल्कि अक्सर इसका कारण होता है कि एप ने नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, अगर एप आपके फोन में पहले से मौजूद है तो वह चलता रहेगा, लेकिन उसे आगे अपडेट नहीं मिलेगा। कंपनी ने साफ किया है कि अगर ऐप खतरनाक पाया गया तो प्ले प्रोटेक्ट आपको उसे अनइंस्टॉल करने का अलर्ट देगा। लेकिन अगर ऐसा अलर्ट नहीं आया, तो ऐप आपके फोन में बिना सिक्योरिटी अपडेट्स के चलता रहेगा।

### पहले आधे एप्स हटाए जा चुके थे

*गूगल ने पिछले साल ही एप पब्लिशिंग को लेकर सख्त नियम लागू करने का ऐलान किया था और अब उसका असर साफ दिखाई दे रहा है। 2024 की शुरुआत तक ही प्ले स्टोर पर मौजूद लगभग आधे एप्स हटाए जा चुके थे।*

ट्रंप नीतियों में बदलाव के बावजूद एंट्री बैन

# अमेरिका में चीनी छात्र घंटों पूछताछ के बाद डिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका में पढ़ाई करने पहुंचे एक 22 वर्षीय चीनी छात्र का सपना अचानक टूट गया। चीन से 29 घंटे की लंबी यात्रा के बाद टेक्सास एयरपोर्ट पहुंचे छात्र गू को न केवल घंटों तक पूछताछ का सामना करना पड़ा बल्कि 36 घंटे बाद उसे वापस चीन भेज दिया गया। यही नहीं, छात्र पर पांच साल तक अमेरिका में प्रवेश पर रोक भी लगा दी गई। छात्र ने बताया कि उसके पास सभी दस्तावेज पूरे थे। वह यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन में दर्शनशास्त्र पढ़ने आया था। इससे पहले वह कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पढ़ाई कर चुका था और तब उसे कोई दिक्कत नहीं हुई थी। लेकिन इस बार एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया, उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खंगाले और लगातार घंटों पूछताछ की। पूछताछ का केंद्र उसके चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध और चाइना स्कॉलरशिप काउंसिल से जुड़े चैट्स रहे। छात्र का कहना है कि उसने कभी पार्टी जॉइन नहीं की, हालांकि उसके माता-पिता सदस्य हैं। वह खुद सिर्फ पार्टी की युवा शाखा का हिस्सा रहा है, जैसा कि लगभग हर चीनी युवक होता है।

झारखंड : अन्य आरोपियों को भी सजा

# भूमि घोटाले में पूर्व मंत्री एक्का और पत्नी को 7 साल की सजा

एजेंसी ▶▶ रांची



सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर फर्जी पते पर अपने मंत्री पद का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन खरीदने के 15 वर्ष पुराने मामले में आज सीबीआई की अदालत ने झाकखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का, तत्कालीन एलआरडीसी, रांची कार्तिक कुमार प्रभात समेत 9 अभियुक्तों को दोषी करार दिया देते हुए सात साल व अन्य को 5 व 4 साल की सजा सुनाई। एनोस एक्का को सीबीआई कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई और 2.10 लाख का जुर्माना लगाया। उनकी पत्नी मेनन एक्का को भी 7 साल की सजा सुनाई और 2.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस मामले में सीबीआई के द्वारा जांच पूरी करते हुए दिसंबर 2012 में चार्जशीट दाखिल की थी। 22 अगस्त को इस मामले में दोनों पक्ष की बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख 29 अगस्त तय की थी।

## हूती विद्रोहियों ने यमन में संरा खाद्य एवं बाल एजेंसी पर बोला धावा

**काहिरा (एपी)।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने रविवार को यमन की राजधानी सना में संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एवं बाल एजेंसियों के कार्यालयों पर धावा बोला और विश्व निकाय के कम से कम एक कर्मचारी को हिरासत में ले लिया। विद्रोहियों ने इजराइल के हमले में अपने प्रधानमंत्री और कई कैबिनेट सदस्यों के मारे जाने के बाद सना में सुरक्षा कड़ी कर दी है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के प्रवक्ता अबीर एतेफा ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले सना में रविवार सुबह एजेंसी के कार्यालयों पर धावा बोला गया। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी और एक हूती अधिकारी के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी यूनिसेफ के कार्यालयों पर भी विद्रोहियों ने धावा बोला। विश्व निकाय अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएफपी और यूनिसेफ के कई कर्मचारियों से संपर्क टूट गया है और संभवतः उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।




आदिवासी छात्रों के लिए अंतरिक्ष शिक्षा को बढ़ावा

स्कूल में एक आधुनिक कक्षा भी तैयार की गई, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम

# त्रिपुरा में स्पेस एजुकेशन लाइब्रेरी, मिलेगा चंद्रयान से मंगल मिशन तक का ज्ञान

एजेंसी ▶▶ उनाकोटी



*वैज्ञानिकों पर 100 से अधिक किताबें और बच्चों की पत्रिकाएं उपलब्ध*

त्रिपुरा के सुदूर उनाकोटी जिले के एक स्कूल में स्पेस एजुकेशन लाइब्रेरी की शुरुआत की गई है। यहां छात्रों को रॉकेट मॉडल, अंतरिक्ष अभियानों की जानकारी और रिकॉर्डेड लेक्चर के जरिए अंतरिक्ष विज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई पीढ़ी के बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि दिलाने के लिए त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के एक स्कूल में अंतरिक्ष शिक्षा पुस्तकालय खोला गया है। ईस्ट रैटविसा डालोंग पारा हाई स्कूल की इस लाइब्रेरी में एसएलवी मार्क-2, पीएसएलवी और जीएसएलवी जैसे रॉकेटों के छोटे मॉडल रखे गए हैं। साथ ही, चंद्रयान, मंगल मिशन और सौर मिशन जैसे अभियानों के मॉडल भी यहां मौजूद हैं। बच्चों को बेहतर समझ देने के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर रिकॉर्ड किए गए लेक्चर भी सुनाए जाते हैं।

### सौर ऊर्जा से संचालित स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण

बीडीओ ने बताया कि यह पुस्तकालय 'नानाजी देशमुख सर्वोत्कृष्ट पंचायत सतत विकास पुरस्कार' के तहत मिलने वाले अनुदान से बनाया गया। स्कूल में एक आधुनिक कक्षा भी तैयार की गई है, जिसमें स्मार्ट क्लासरूम है, जिसमें डिजिटल पैनल, डिजिटल पोडियम और प्रशिक्षण कुर्सियां लगी हुई हैं। भौमिक ने कहा, इन सभी को स्कूल में स्थापित 5 किलोवाट सौर प्रणाली द्वारा संचालित किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25